कार्यालय प्राचार्य, विष्णुचरण गुप्ता शासकीय महाविद्यालय
पुसौर जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

Email: newgovtcollegepusaur@gmail.com

पुसौर, दिनांक 15/12/2018

भारतीय समाज में अन्तर्जातीय विवाह का औचित्यः एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन

आज दिनांक 15/12/2018 दिन शनिवार को वि.च.गु. शासकीय महाविद्यालय पुसौर में **''भारतीय समाज में अन्तर्जातीय विवाह का औचित्यः एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण''** विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन कार्यक्रम सचिव श्री श्रीबच्छ भोय द्वारा किया गया। इस सेमीनार के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता कि. शा. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ से श्री मेदिनी नायक पूर्व प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (हिन्दी), डॉ. के. एस. टाण्डेकर प्राचार्य, डॉ. अंजनी तिवारी विभागाध्यक्ष (इतिहास), डॉ. आर. तम्बोली विभागाध्यक्ष (प्राणीशास्त्र), डॉ. श्रीमती मीना श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष, ग्वालियर विश्वविद्यालय म.प्र. एवं द्वितीय सत्र (तकनीकि सत्र) में शास. के. एम. टी. महाविद्यालय रायगढ से डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव प्राचार्य, एवं प्रो. के. सी. कछुवाहा विभागाध्यक्ष (वाणिज्य), डॉ. पवन अग्रवाल, प्राचार्य शास. पालूराम धनानिया महाविद्यालय रायगढ़, डॉ. प्यारेलाल आदिले प्राचार्य, जेबीसी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय कटघोरा एवं डॉ. बी. के. पटेल प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय नवागढ़ थे। उन्होंने अपने व्यक्तव्यों के माध्यम से बताया कि वर्तमान सामाजिक विवाह प्रथा के दोषों को दूर करने के लिये अंतर्जातीय विवाह को अपनाना विकास का रास्ता है। इससे खान-पान, वस्त्र विन्यास, क्षेत्रीय और प्रांतीय प्रभावयुक्त भाषा शैली और लोक साहित्य, स्थानीय रहन-सहन, लोक परंपरा एवं हस्तकला, लोक नृत्य एवं गीत इत्यादि का समन्वय और सम्मिश्रण समाज को नवीनता का अनुभव कराता है और नवीन सांस्कृतिक आयामों को जन्म देता है। इस कार्यक्रम के द्वारा समाज को विकास हेतु एक संदेश देने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम सह संयोजक डॉ. रोहिणी आर्या द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एल.सोनवाने, नोडल अधिकारी/कार्यक्रम संयोजक डॉ. सरोज कुमार, श्री विजय कुमार कांटे, श्री हरिहर प्रसाद चौहान, श्री जयनारायण नायक, रमेश कुमार साहू, डॉ. सावित्री अग्रवाल एवं महाविद्यालय के अन्य स्टाफ उपस्थित थे। इस सेमीनार का आयोजन मंगल भवन पुसौर में सम्पन्न किया गया, जिसमें 200 से अधिक प्राध्यापक/सहा. प्राध्यापक एवं 300 से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

for PRINCIPAL
VISHNUCHARAN GUPTA
Govt.College Pussore
District- Raigarh (C.G.)

प्राचार्य
वि.च.गु. शास. महाविद्यालय पुसौर
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)